



नवभारत
भोपाल, शनिवार, 8 अगस्त 2026

लापरवाही : 306 जर्जर स्कूल भवन, अभी तक सिर्फ 7 को गिराने का अनुमोदन

नवभारत न्यूज

बैतूल, 7 अगस्त. जिले भर में 306 पुराने जर्जर स्कूल भवन अभी भी खड़े हैं, लेकिन इन भवनों को गिराने की प्रक्रिया अभी तक पूर्ण नहीं की गई है। ऐसे में यह जर्जर स्कूल भवन बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं।

हादसों का कारण बन सकते है जर्जर स्कूल भवन

स्कूल परिसरों में खड़े इन भवनों को नहीं गिराया

दरअसल जिला शिक्षा केंद्र ने जिले के 306 जर्जर स्कूल भवनों को जर्जर भवनों के रूप में चिन्हित किया है। यह भवन परिसरों में खड़े है। इनकी मरम्मत करके भी उपयोग करना अब संभव नहीं था। ऐसे में शिक्षा विभाग ने इन स्कूल भवनों के स्थान पर नए भवन बनवा लिए और इन जर्जर भवनों का उपयोग बंद कर दिया था। जर्जर होने के कारण जिला शिक्षा केंद्र ने महीनों पहले इन भवनों को डिसमेंटल करने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को प्रस्ताव भेजा है। लेकिन भवन गिराये नहीं गये है। ऐसे में बारिश के कारण इन भवनों के गिरने का खतरा बढ़ गया है, क्योंकि स्कूल परिसर में खड़े जर्जर भवन बच्चों की आवाजाही और खेलकूद के बीच लगातार जोखिम पैदा कर रहे हैं। कई भवनों की दीवारें और छतें पहले से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिला शिक्षा केंद्र का कहना है कि इन भवनों के फोटोग्राफ, विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पीडब्ल्यूडी को भेजी है और आधिकारिक रूप से भवनों को जर्जर घोषित किए बिना तोड़ने की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती है।

सबसे अधिक भीमपुर ब्लाक में जर्जर स्कूल भवन

जिले में सबसे अधिक जर्जर स्कूल भवन भीमपुर ब्लॉक में हैं। यहां 73 भवनों की हालत बेहद खराब है। इसके अलावा आठनेर में 32, बैतूल ब्लॉक में 21, भैंसदेही में 22, चिचोली में 25, घोड़ाडोंगरी में 38, मुलताई में 42, प्रभातपट्टन में 30 और शाहपुर में 14 भवन शामिल हैं। सबसे कम जर्जर भवन आमला ब्लॉक में 9 है। जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा इन भ्ज्ञवनों के फोटोग्राफ और विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पीडब्ल्यूडी को भेजी है। सके बावजूद विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाही नहीं हो सकी है। अधिकारियों का कहना है कि जर्जर भवनों को अधिकारिक रूप से घोषित किए बिना तोड़ने की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती है। हालांकि जर्जर भवनों में अध्यापन कार्य बंद कर दिया गया है और कई जगहों पर नए भवनों में स्कूल संचालित हो रहे हैं, लेकिन पुराने खंडहरनुमा भवन अब भी स्कूल परिसरों में खड़े हुए हैं।

अभी तक 7 के ही मिले अनुमोदन

जिला शिक्षा केंद्र ने तो अपना काम कर दिया था, लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा इस कार्य को लेकर खास गंभीरता नहीं दिखाई गई। दूसरी ओर कलेक्टर द्वारा लगातार इस कार्य की समीक्षा की जा रही है। स्थिति यह है कि अभी तक 306 में से मात्र 7 जर्जर स्कूल भवनों का ही अनुमोदन लोक निर्माण विभाग ले पाया है। हालांकि इनमें से भी एक को भी अभी तक जमींदोज नहीं किया जा सका है, जबकि जर्जर हो चुके यह भवन परिसर में ही और नए भवनों के पास ही स्थित है। अब चूंकि बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। बारिश में लगातार पानी लगने से यह जर्जर हो चुके भवन या उनका बड़ा हिस्सा कभी भी ढह सकता है। इससे यह भवन अब और भी खतरनाक हो चुके हैं।

306 में से 250 जर्जर स्कूल भवनों का निरीक्षण हो चुका है। इनका प्रस्ताव भी तैयार कर दिया है, जो कलेक्टर साहब को प्रेषित किया जा रहा है। शेष जर्जर स्कूलों का भी निरीक्षण जारी है।

– **अखिलेश कवड़े,** एसडीओ, पीडब्ल्यूडी बैतूल

7 जर्जर स्कूल भवनों को गिराने का अनुमोदन हो चुका है। पंचायत के माध्यम से यह भवन गिराये जायेंगे।

– **सुधीर साकेत,** डीपीसी, बैतूल

बारिश के कारण जर्जर भवनों से और बढ़ गया खतरा

बारिश का मौसम शुरू है। लेकिन अभी तक जिले के जर्जर शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल भवनों को डिसमेंटल नहीं किया गया है। ऐसे में यह जर्जर स्कूल भवन बच्चों और शिक्षकों के लिए खतरा बने हैं। हालांकि जर्जर भवनों में अध्यापन कार्य बंद कर दिया गया है और कई जगहों पर नए भवनों में स्कूल संचालित हो रहे हैं, लेकिन पुराने खंडहरनुमा भवन अब भी स्कूल परिसरों में खड़े हुए हैं। जर्जर भवनों के आसपास ही छुट्टी के समय बच्चे खेलते रहते है। शिक्षक की निगरानी न रहने पर यह बच्चे इन जर्जर भवनों में भी जा सकते हैं। इस बीच इन भवनों में कोई हादसा हो जाए तो बच्चे इनकी चपेट में आ सकते हैं। यही कारण है कि ग्रामीण मांग उठा रहे हैं कि इन जर्जरों भवनों को तत्काल ढहाया जाएं ताकि इनसे बच्चों को कोई खतरा न रहे।

एक नजर में

9 अगस्त को हमलापुर से निकलेगी कावड़ यात्रा

बैतूल। पवित्र सावन माह के अवसर पर श्री चमत्कारी बालाजी हनुमान मंदिर समिति, दुर्गा वार्ड हमलापुर द्वारा 9 अगस्त, रविवार को भव्य कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। समिति पिछले चार वर्षों से इस आयोजन का सफलतापूर्वक संचालन कर रही है और इस वर्ष कावड़ यात्रा का पांचवां आयोजन होगा। समिति सदस्य राजीव मिश्रा ने बताया कि कावड़ यात्रा सुबह 8 बजे मिश्रा फार्महाउस स्थित श्री चमत्कारी बालाजी हनुमान मंदिर प्रांगण, दुर्गा वार्ड हमलापुर से प्रारंभ होकर भोपाली स्थित महादेव भोलेनाथ शिवधाम पहुंचेगी। उन्होंने सभी शिव भक्तों एवं धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में कावड़ यात्रा में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

विश्व आदिवासी दिवस पर कल निकलेगी रैली

बैतूल। समस्त आदिवासी समाज संगठन के तत्वावधान में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस बैतूल सहित जिले के सभी ब्लॉकों और ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया जाएगा। संगठन के जितेंद्र सिंह इवने ने बताया कि इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित थीम के तहत पूर्वजों के ज्ञान, पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक स्वास्थ्य प्रणालियों, मातृ देखभाल, स्वदेशी प्रसव कार्यकर्ताओं तथा उनके सामुदायिक नेतृत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण से होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे पड़ापेन ठाना रेन बसेरा, सदर से रैली निकाली जाएगी। रैली के समापन के बाद आदिवासी मंगल भवन में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जहां सामूहिक भोजन प्रसादी के साथ आयोजन का समापन किया जाएगा।

आयुष अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

बैतूल। संचालनालय आयुष, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के मार्गदर्शन में गुरुवार को ए-एचएमआईएस पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूलों पर ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ. मनोज कुमार सूर्यवंशी एवं डॉ. सुशील कुमार सोनी ने जिले के सभी आयुष चिकित्सा अधिकारियों, तथा पैरामेडिकल स्टाफ को ए-एचएमआईएस पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूलों के संचालन एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी दी।

चिखलीकला पंचायत में कलेक्टर ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मुलताई तहसील की ग्राम पंचायत चिखलीकला में आयोजित शिविर में ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा सड़क, नाली, पेयजल, बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं रखी गईं, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम में पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि नल-जल

योजना की पाइपलाइन का कार्य अभी अधूरा है। इस पर कलेक्टर ने जल निगम के संबंधित अधिकारी को रक्षाबंधन के पूर्व ठेकेदार के माध्यम से पाइपलाइन बिछाने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्धा डैम पर इंटेक वेल एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि ग्राम में बाहर से आकर शराब बेची जाती है। शराब बिक्री बंद कराने के लिए दिए गए आवेदन पर कलेक्टर ने एसडीओपी को संबंधित दुकान सील कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने फसल बीमा की राशि खाते में जमा नहीं होने की शिकायत भी की। इस पर कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधूरे नाली निर्माण की शिकायत पर कलेक्टर ने एनएचएआई के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत खेरवानी के ग्राम हिवरा के मरघट ढाना में ग्रामीणों ने बिजली संबंधी समस्या से अवगत कराया। साथ ही सोलर उपकरणों की खराब गुणवत्ता की शिकायत भी की। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को संबंधित विषय में पत्र लिखने के निर्देश दिए।

झूठा केस बनाने से लोग नाराज, सौपा ज्ञापन

मुलताई। थाना क्षेत्र के ग्राम प्रभात पट्टन निवासी एक युवक पर अवैध शराब का झूठा प्रकरण दर्ज कर घर में घुसकर पुलिस द्वारा मारपीट करने के आरोप लगाते हुए पीि?त महिला के साथ ग्रामीणों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को सम्बोधित ज्ञापन एसडीओपी एसके सिंह को सौपा है। प्रभात पट्टन निवासी आवेदिका शारदा नायक पति अनिल नायक ने ज्ञापन में बताया उसके पति अनिल नायक 1 अगस्त को अपनी बहन अनिता नायक से मिलने गए हुए थे। शाम करीब 7ः30 बजे एसआई दिनेश कुम्भरे,आरक्षक लक्ष्मी, आरक्षक कमेलश मेरे नंनद

के यहा आए तथा उनके बाल पकड़ कर उनसे मार पीट करने लगे। अपनी बहन के बचाव में मेरे पति ने पुलिस वालो से हाथा पाई की। पुलिस वालो ने मेरे पति को भर बाजार पीटते हुए पुलिस चौकी पैदल ले गए। उक्त कृत्य बिना किसी महिला अधिकारी कर्मचारी के किया गया ।मेरे पति को पुलिस चौकी ले जाते समय उनके पास से कोई भी शराब की जब्ती नहीं की गई उन्हे पुलिस वालो द्वारा शाम 7.30 बजे गिरफ्तार किया गया जबकि पुलिस रिपोर्ट के अनुसार 11.05 पर अन्य स्थान से गिरफ्तारी व जसी दिखाई गई।

मां ताप्ती जल लेकर सर्व मंगल कावड़ यात्रा सालबर्डी रवाना

मुलताई। मां ताप्ती की उदगम स्थली से ताप्ती सरोवर पर पूजा अर्चना कर कावड़ में ताप्ती जल लेकर हर हर महादेव के जयकारे के साथ शुक्रवार दोपहर सर्वमंगल कावड़ यात्रा शिवधाम सालबर्डी के लिए रवाना हुई। कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या श्रद्धालू हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए गाजे बाजे के साथ भक्ति गीतों पर कंधों पर कांवड़ उठाकर आगे बढ़े। कावड़ यात्रा में विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भाजपा नेता बबला शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार,माधुरी साबले साबले सहित भाजपाई बडी संख्या में शामिल हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कावड़ यात्रा का प्रथम रात्रि पड़ाव आष्टा में होगा जहां श्रद्धालु रात्रि विश्राम करेंगे। 8 अगस्त को यात्रा आष्टा से गेहूंबारसा के लिए रवाना होगी और जहां रात्रि विश्राम किया जाएगा। 9 अगस्त की सुबह यात्रा गेहूंबारसा से सालबर्डी के लिए प्रस्थान करेगी तथा शाम तक सालबर्डी पहुंचकर विश्राम करेगी। 10 अगस्त की सुबह सभी श्रद्धालु प्राचीन शिवधाम की गुफा में पहुंचकर भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक, पूजन-अर्चन और आरती करेंगे। सर्वमंगल कावड़ यात्रा के प्रमुख गणेश साहू,उपेंद्र पाठक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालू शामिल हुए।

व्हालीबाल प्रतियोगिता में जिला स्तर के लिए चयन

मुलताई। प्रभात पट्टन रोड पर ग्राम चौथिया समीप स्थित ड्रीम्ज प्ले पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को खंड स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ स्कूल संचालक राजेश बघेल, प्राचार्य कविता लिखितकर , सेवा निवृत्त खेल शिक्षक महेश खत्री द्वारा किया गया। विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी कामना साबले ने बताया विकासखंड स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता में 250 बालक बालिकाओ ने भाग लिया ।जिसमे सांदीपनी स्कूल मुलताई ,पीएम श्री कन्या स्कूल मुलताई, शासकीय नवीन हॉयर सेकंडरी स्कूल मुलताई, शासकीय हॉयर सेकंडरी स्कूल जौलखेड़ा,

सोनोरा हायर सेकंडरी स्कूल, खेडीकोर्ट हायर सेकंडरी स्कूल , साईंखेडा हॉयर सेकंडरी स्कूल , दुनावा हॉयर सेकेण्डरी स्कूल, पाडसिंगा हॉयर सेकंडरी स्कूल अशासकीय स्कूल में ड्रीम्ज पब्लिक स्कूल मुलताई , गुरुकुल स्कूल मुलताई , वी आई पी स्कूल मुलताई , न्यू कार्मल स्कूल मुलताई की टीम शामिल हुई। प्राचार्य कविता लिखितकर ने कहा खेल के माध्यम से छात्रों का शारिरिक ओर मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में श्रीमती वनिता माथनकर, अशोक गजाम आदि शिक्षको का सहयोग रहा

10 अगस्त के राष्ट्रव्यापी आंदोलन की तैयारी में जुटा सीटू

बैतूल। सीटू जिला समिति की बैठक पाल भवन मोती वार्ड में जिला अध्यक्ष कामरेड कुंदन राजपाल की अध्यक्षता एवं जिला सचिव कामरेड किशोरी वर्मा की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव कामरेड जगदीश डिगरसे ने किया। बैठक में 10 अगस्त को ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच और संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर होने वाले राष्ट्रव्यापी आंदोलन की तैयारियों और सीटू की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि आंदोलन के तहत केंद्र सरकार से चार श्रम संहिताएं वापस लेने, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी, किसानों की कर्ज माफी, समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने, श्रमिकों के लिए 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन और 8 घंटे कार्यदिवस लागू करने, मनरेगा को प्रभावी ढंग से लागू करने, शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरू करने, 200 दिन रोजगार और 700 रुपए प्रतिदिन मजदूरी सुनिश्चित करने, बिजली संशोधन विधेयक-2025 वापस लेने, बिजली निजीकरण रोकने, स्मार्ट मीटर व बढ़े हुए बिजली बिलों पर रोक तथा रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल के दाम कम करने की मांग उठाई जाएगी।

योग, प्राणायाम से शरीर में रहती है स्फूर्ति

मुलताई। नगर के दिगम्बर जैन मंदिर में बीते सात दिनों से योग शिविर चल रहा था जिसमें गायत्री परिवार मुलताई के योगाचार्य नारायण देशमुख द्वारा योग,आसान प्राणायाम एवं ध्यान आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस सात दिवसीय योग शिविर में योग आसान प्राणायाम ध्यान का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थी अक्की जैन ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि प्रतिदिन आसान ,प्रज्ञा योग, एवं प्राणायाम एवं ध्यान करने से दिन भर स्फूर्ति एवं मन प्रफुल्लित रहता है इस योग शिविर में गायत्री परिवार के योगाचार्य नारायण देशमुख द्वारा प्रतिदिन सूक्ष्म

यौगिक क्रियाओं के साथ ताड़ासन,वृक्षासन, चक्की चालन, प्रज्ञा योग, सूर्य नमस्कार सहित अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम के साथ साथ ध्यान करने का भी अभ्यास कराया इस योग शिविर में राजू जैन, प्रमोद जैन, सुधाकर जैन, रविप्रकाश खड़के,वैशाली डबरे, अर्चना वाकेकर,साधना वाकेकर, अर्चना गड़ेकर, मीना जैन आदि भाई बहनों ने प्रतिदिन समय पर उपस्थित होकर योग आसान प्राणायाम ध्यान कर लाभ प्राप्त किया एवं प्रतिदिन एक घंटा योग करते रहने का संकल्प लिया।

नियमों की अनदेखी : बैतूल में बस संचालकों की खुली मनमानी

सारनी। बैतूल सारनी मार्ग पर चलने वाली निजी यात्री बसों की मनमानी से जनता परेशान है। बगैर नाम नंबर की पर्ची जैसी टिकट काटकर किराया वसुला जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बैतूल के नाक तले यात्रियों की जेब काटने और सड़क परिवहन नियमों की धज्जियां उड़ाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। पाथाखेड़ा से बैतूल मार्ग पर चलने वाली निजी बसों में न केवल फर्जीवाड़े जैसा टिकट थमाया जा रहा है, बल्कि यात्रियों से एक ही दिन में अलग-अलग किराया वसूल कर खुलेआम अवैध उगाही की जा रही है। मामला आज का ही है, जब तीन यात्रियों के एक समूह ने पाथाखेड़ा से बैतूल तक का सफर तय किया। जाते समय बस परिचालक ने 70 प्रति यात्री के हिसाब से कुल 210 का टिकट काटा। लेकिन हद तो तब हो गई जब उसी दिन बैतूल से पाथाखेड़ा वापस लौटते समय यात्रियों से 100 प्रति यात्री के हिसाब से 300 वसूल लिए गए। महज कुछ घंटों के भीतर किराया दर में 30 प्रति यात्री का यह अंतर बस संचालकों की सीनाजोरीऔर मनमर्जियां बयां करने के लिए काफी है। यात्रियों का कहना है कि रद्दी का टुकड़ा जैसा टिकट दिया जाता है। इतना ही नहीं बगैर नाम एवं नंबर की यात्रियों को टिकट दी जाती हैउन्होंने कहा कि टिकट सट्टे की पर्ची जैसी दिखती है टिकट को देखकर यह अंदाजा लगाना मुश्किल है कि यह किस बस सेवा द्वारा जारी की गई है। टिकट पर न तो बस सर्विस का नाम अंकित है, न बस का पंजीयन नंबर दर्ज है, और न ही यात्रियों की सुविधा या आपातकालीन सहायता के लिए कोई हेल्पलाइन/कस्टमर केयर नंबर मौजूद है। यह पर्ची किसी वैध टिकट के बजाय केवल सादे कागज का एक टुकड़ा प्रतीत होती है। यात्रियों का कहना है कि मोटर वाहन अधिनियम और आरटीओ के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार टिकट पर पूर्ण विवरण अनिवार्य है टिकट पर यात्रा का प्रारंभ स्थल, गंतव्य, ली गई राशि, बस का नंबर, तिथि, समय और हेल्पलाइन नंबर स्पष्ट लिखा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बसों में किराया दरों की सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होनी चाहिए ताकि निर्धारित दर से अधिक किराया न वसूला जा सके।

बिना नाम-नंबर की रसीद पर होती है किराया वसूली

यात्रियों से वसूला जा रहा अलग-अलग किराया

निरीक्षण विद्यार्थियों से किया आत्मीय संवाद, मध्यान भोजन की गुणवत्ता परखी

कलेक्टर ने चिखलीकला माध्यमिक शाला का किया निरीक्षण

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मुलताई तहसील की ग्राम पंचायत चिखलीकला स्थित शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया तथा विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने विद्यार्थियों से गुणा-भाग एवं पहाड़े पूछकर उनकी शैक्षणिक दक्षता परखी। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई के साथ-साथ उनकी विशेष प्रतिभाओं एवं खूबियों की जानकारी ली और

उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने शिक्षकों से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को ओलंपियाड प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराए जाने की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों से भी चर्चा कर उनके अध्ययन एवं उपलब्धियों की जानकारी ली तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य से कक्षाओं में स्मार्ट टीवी की उपलब्धता, उसके उपयोग तथा विद्यालय में पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान विद्यालय की पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। उन्होंने विद्यालय में पदस्थ फिजिक्स शिक्षक से विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मीन्स कम मेरीट छात्रवृत्ति परीक्षा की गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास एवं बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। विद्यालय का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने डेस्क, विद्युत व्यवस्था, शौचालय सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा बाउंड्री वॉल निर्माण से पूर्व सीमांकन की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों को दिए जा रहे भोजन के निर्धारित मेनू की जानकारी ली तथा स्वयं भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता परखी। भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने सराहना की तथा गुणवत्ता निरंतर बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती इंदिरा महतो, मुलताई एसडीएम राजीव कहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान से जुड़े विद्यार्थी

बैतूल। विगत 25 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे श्री विनायकम स्कूल में ब्रह्माकुमारीज के संयुक्त तत्वावधान में 100 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और ब्रह्माकुमारीज के प्रतिनिधियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने नशे के दुष्प्रभावों से आगाह करते हुए युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, ब्रह्माकुमारीज के सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज की ओर से बीके सविता दीदी, बीके

स्मृति दीदी, बाबा भैय्या एवं तरुण भैय्या विशेष रूप से शामिल हुए। बीके सविता दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ ही उसके परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने सकारात्मक सोच, श्रेष्ठ संस्कार, राजयोग और आध्यात्मिक जीवन को नशे से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। इसके बाद बीके स्मृति दीदी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि वे किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे, न ही किसी अन्य को प्रेरित करेंगे तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।